फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बालेसर (जोधपुर)

हड़मतसिंह पुत्र आईदानसिंह **बनाम** रामपालसिंह पुत्र गजेसिंह वगेराह

किस्म मुकदमा धारा 212 राज. काश्तकारी अधि. 1955 (मुकदमा नम्बर 78 / 2023) (सन् 2023)

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्यस जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुई
14.06.2023	प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री जेठूसिंह द्वारा यह प्रार्थना पत्र धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत पेश किया गया जिसे दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी द्वारा उक्त प्रकरण को आवश्यक प्रकृति का बताते हुए विवादग्रस्त भूमि पर अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करने का निवेदन किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता को अन्तरिम आदेश हेतु उनकी एकपक्षीय बहस को सुना गया। पत्रावली के सलंग्न राजस्व रेकर्ड व दस्तावेजों का गम्भीरता पूर्वक अध्यनन किया गया। बहस के दौरान प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणों की पुश्तैनी एवं संयुक्त खातेदारी की भूमि है। अप्रार्थीगण प्रार्थी के कब्जे काश्त की भूमि का बेचान करने पर उतारू है जिससे रोका नही गया तो प्रार्थी को अपूर्णीय क्षति होगी। उक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थी के हिस्से में प्रथम दृष्टया मामला बनना प्रतीत होता है। अतः अप्रार्थीगणों को आगामी पेशी तारीख 12.07.2023 तक जरिये अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पांबद किया जाता है एवं अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा इस आशय की जारी की जाती है कि विवादित भूमि मौजा ग्राम सगतनगर पटवार हल्का बेलवा राणाजी तहसील बालेसर जिला जोधपुर के खसरा नम्बर 540, 541 की भूमि पर अप्रार्थीगण दखल नही करें। आगामी पेशी तक मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाये रखें। उक्त खसरों में चल रहे किसी भी प्रकार के रास्ते को उभयपक्ष अवरूद्ध नही करें। उक्त स्थगन आदेश आगामी पेशी तक मान्य होगा। प्रार्थी अधिवक्ता अप्रार्थीगणों को स्थगन नोटिस जरिये रजिस्टर ए.डी. से प्रेषित करें। पत्रावली दिनांक 12.07.2023 को पेश हों। (हस्ताक्षर) उपखण्ड अधिकारी बालेसर	
12/7/23	पत्रावली प्रस्तुत हुई ... राजकीय कार्य/चुनाव ... है। पत्रावली इसलिए ... दिनांक 14/8/23 को पेश हो। पूर्व आदेशानुसार पेश हो। (हस्ताक्षर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2024.05.23 18:52:52 IST
Reason: SelfAttested

फर्द अहकाम

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्यस जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुई
19/3/24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उप०। पत्रावली वास्ते तलबी हेतु दिनांक 29/4/24 को पेश हो। अनुपालन आदेश पत्रावली है।	
29/4/24	पत्रावली प्रस्तुत हुई। पीठासीन अधिकारी प्रशासनिक कार्य/चुनाव ड्यूटी/प्रशासनिक दौरे पर है। पत्रावली इसलिए पेश होकर दिनांक........12/6/24........ को पेश हो। [signature]	
6/5/24	प्रस्तुत वाद में ... डिक्री का पेश होने के कारण पत्रावली आज तारीख पेशी पर ली गई। प्रस्तुत वाद में डिक्री निष्पादित किया जा चुका है। प्रस्तुत वाद के अभाव में पत्रावली कार्यहीन होने के कारण अदम पैरवी की जाती है तथा जिला न्यायालय के आदेश नम्बर 540, 541 के न्यायालय द्वारा दिनांक 14/6/23 को जारी कार्यवाही निर्देशों का अनुपालन किया जाता है पत्रावली नम्बर से ... दाखिल दफ्तर हो। [signature]	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramji Bhai Kalbi
Date: 2024.05.23 18:52:52 IST
Reason: SelfAttested